राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र ने राज राजेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया

राजभवन परिसर में पौधारोपण किया

जयपुर, 28 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरुवार को हरियाली अमावस्या पर राजभवन स्थित राज राजेश्वर महादेव मंदिर में परिवार सहित पूजा अर्चना की। राज्यपाल श्री मिश्र ने रुद्राभिषेक कर प्रदेशवासियों की सुख– समृद्धि और सम्पन्नता के लिए कामना की।

बाद में उन्होंने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र के साथ राजभवन परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने वर्षा के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आमजन से आह्वान भी किया।

———

राज्यपाल शुक्रवार से बीकानेर जिले के तीन दिवसीय दौरे पर

पहले दिन राजुवास में संविधान पार्क का लोकार्पण करेंगे

जयपुर, 28 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार प्रातः बीकानेर जिले के तीन दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर (राजुवास) में नवनिर्मित संविधान पार्क एवं पारम्परिक पशुचिकित्सा पद्धतियों एवं वैकल्पिक औषधि विज्ञान केन्द्र का शुक्रवार प्रातः 11.30 बजे लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात वह जिले के चारों राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लेंगे। शुक्रवार शाम को ही वे देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे।

राज्यपाल शनिवार प्रातः 11.30 बजे जिला प्रशासन के साथ विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात शनिवार शाम को उनका कपिल मुनि आश्रम, कोलायत जाने का कार्यक्रम है।

राज्यपाल रविवार प्रातः 11.30 बजे महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में नवनिर्मित संविधान पार्क एवं अन्य सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे। रविवार दोपहर नाल एयरपोर्ट से वह जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

———